प्रेस नोट **दिनांक 12.11.2026**

गायघाट पुल पर साईकिल स्टंट करते हुए पटाखा फोड़ने वाला युवक गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उक्त अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री नितेश प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन व नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा लक्ष्मी गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान जरिये सोशल मीडिया सूचना मिली की एक युवक दीपावली के दिन दिनांक 08.11.2026 गायघाट पुल पर एक युवक का साईकिल स्टंटबाजी करते हुए पटाखा रील वायरल हो रही है उक्त सूचना को तत्काल संज्ञान लेते हुये युवक की तलाश कर आज दिनांक 12.11.2026 को समय 9.00 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया युवक से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि दीपावली के दिन अपने रेन्जर साईकिल के आगे 12 साउंड पटाखा को साईकिल के आगे लगाकर फोड़ने का स्टंट करते हुये गायघाट पुल पर पटाखा फोड़ा गया था इसके द्वारा बनाये गये विडियो को अपने इन्स्टाग्राम पर पोस्ट किया गया। पूछताछ पर अपना नाम धर्मेन्द कन्नौजिया पुत्र रंग बहादुर कन्नौजिया निवासी मोहल्ला हट्टीमदारी थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ स्थायी बासुचक थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर है उपरोक्त घटना के दृष्टिगत अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध सम्बन्धित धाराओ में अभियोग पंजीकृत कर माननीय न्यायालय चालान किया जा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. धर्मेन्द कन्नौजिया पुत्र रंग बहादुर कन्नौजिया निवासी मोहल्ला हट्टीमदारी थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ उम्र करीब 20 वर्ष स्थायी बासुचक थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर (बरामदगी एक अदद् रेंजर साईकिल)

थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गुम 07 अदद मोबाइल फोन (कीमत लगभग- 1,50,000/- रुपये) को उनके स्वामियो को वापस कराया गया ।

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में द्वारा साइबर अपराध एवं मोबाइल फोन बरामदगी के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री नितेश प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में थाना कोतवाली नगर साइबर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 12.11.2026 को आम जनता की 07 अदद मोबाइल फोन जो भिन्न भिन्न दिनांक को गुम हो गयी थी जिसे आवेदकगण द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर कम्पलेन किया गया था । गुम मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत

लगभग- 1,50,000/- रुपये का साइबर क्राइम पुलिस टीम थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद कर उनके मालिक को तस्दीक कर सुपुर्द किया गया ।

आवेदकों का विवरण-

1. उज्ज्वल भारद्वाज नि0 मुंशीपुरा जनपद मऊ
2. सदफ फातिमा निवासी विजौरा गाजीपुर
3. शत्रुघ्न यादव निवासी सेमरा देवरिया
4. आकाश पासवान निवासी खीरीबाग जनपद मऊ
5. संदीप प्रजापति निवासी भीटी ओवरब्रिज मऊ
6. धर्मेन्द्र पाल नि0 जैनापुर अम्बेडकर नगर
7. शिव चन्द मौर्य निवासी जग्गापट्टी मिर्जापुर

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ द्वारा बताया गया कि यह अभियान नागरिकों की सुरक्षा और उनकी संपत्ति की रक्षा के लिए चलाए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। नागरिकों की सुरक्षा और उनके सामानों की रक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मऊ पुलिस आम नागरिको से अपील करती है कि वे अपने मोबाइल फोन के IMEI नंबर सुरक्षित रखें और किसी भी प्रकार की चोरी या गुमशुदगी की घटना की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन में दें।

जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, 02 वारण्टी गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में दिनांक- 12.11.2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग- अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी /बरामदगी व विभिन्न मामलों में वांछित वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

***थानावार कार्यवाही का विवरण*-**

1.थाना घोसी पुलिस द्वारा वारटी अभियुक्तगण दलवीर पटेल पुत्र मधुरा निवासी कैलवर थाना घोसी, 2. राजेश साहनी पुत्र जंगबहादुर साहनी निवासी कस्बा खास थाना घोसी जनपद मऊ।

अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया।